Title: Need to establish a defence sector PSU in Guna Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.-laid

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना): गुना लोक सभा क्षेत्र के तीन जिले-गुना, अशोकनगर और शिवपुरी आते हैं और इनमें गुना जिला एक आकांक्षी जिला भी है । इन तीन जिलों में भारी मात्रा में जमीन खाली पड़ी है । जो जमीन ली पड़ी है उसका उपयोग विकास परियोजनाओं हेतु किया जा सकता है । सरकार ने रक्षा के क्षेत्र में Make in India और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए झाँसी में Defence Industrial Corridor बनाने का निर्णय किया है । इस परियोजना के कारण बुंदेलखंड क्षेत्र का विकास होगा और रोज़गार के अवसर प्राप्त होंगे । मेरे लोक सभा क्षेत्र के कुछ जिले बुंदेलखंड के अंतर्गत आते है और भारी मात्रा में सरकारी ज़मीन की उपलब्धता के कारण यहाँ रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (PSU) का प्लांट बनाने की अच्छी संभावनाएं है । मेरा सरकार से निवेदन है कि गुना लोक सभा क्षेत्र में रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाले रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (PSU) के प्लांट या यूनिट के निर्माण हेतु स्वीकृति दी जाए जिससे रक्षा क्षेत्र में हमारा देश आत्मनिर्भर होगा और रक्षा क्षेत्र में हो रहे आयात को कम कर सकेंगे । इस यूनिट के निर्माण से मेरे लोक सभा क्षेत्र के युवाओं को भी रोज़गार के अच्छे अवसर मिलेंगे और गुना लोक सभा का आर्थिक और समग्र विकास होगा ।